मेसर्स रायगढ़ इनर्जी लिमिटेड (नया नाम–मेसर्स जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड) द्वारा ग्राम–जोबरो एवं हमीरपुर, ब्लॉक तमनार, जिला रायगढ़ (छ.ग.) में प्रस्तावित थर्मल पॉवर प्लांट– 2x300 मेगावाट के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई <u>दिनांक 23.09.2011 का कार्यवाही विवरणः–</u>

मेसर्स रायगढ़ इनर्जी लिमिटेड (नया नाम मेसर्स जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड) द्वारा ग्राम–जोबरो एवं हमीरपुर, ब्लॉक तमनार, जिला रायगढ़ (छ.ग.) में प्रस्तावित थर्मल पॉवर प्लांट– 2X300 मेगावाट के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई दिनांक 23.09.2011 स्थान–प्रस्तावित परियोजना स्थल, (शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय के समीप) ग्राम–हमीरपुर, विकासखण्ड–तमनार, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रायगढ़, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रातः 11.00 बजे लोक सुनवाई की कार्यवाही प्रारंभ की गई। लोक सुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायगढ़ तथा क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ उपस्थित थे। लोक सुनवाई में आसपास के ग्रामवासी तथा रायगढ़ के नागरिकों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा ई.आई.ए. नोटिफिकेशन दिनांक 14.09.06 के प्रावधानो की जानकारी दी गयी।

लोक सुनवाई में लगभग 850 लोगो का जन समुदाय एकत्रित हुआ। उपस्थिति पत्रक पर 32 लोगों ने हस्ताक्षर किये। मौखिक वक्तव्यों को लिपिबद्ध किया गया।

लोक सुनवाई उद्योग प्रतिनिधि के द्वारा परियोजना के प्रस्तुतीकरण से प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम उद्योग की ओर से कंपनी प्रतिनिधि श्री एस.के. मोहित्रा, अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावित परियोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोल मिडलिंग्स का पूर्ण उपयोग इस पावर प्लांट में किया जायेगा, सरकार द्वारा तय की गई दर के आधार पर जमीन अधिग्रहण किया जायेगा एवं मुआवजा भी सरकार के अनुसार निर्धारित दर पर दी जायेगी, जिनकी जमीन जा रही है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नौकरी दी जायेगी। स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे स्तर का अस्पताल खोला जायेगा एवं निःशुल्क दवाई की व्यवस्था की जायेगी। गांव के चुने हुए शिक्षित लोगों को हर वर्ष गांव के 10–15 लोगों को तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था रायगढ़ में की जायेगी। कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित सी.एस.आर. एक्टीविटीज को कंपनी पूर्ण करेगी। कंपनी द्वारा 1 करोड़ तक के कार्य तत्काल करने के लिए तैयार है। गांव के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का पुर्नउत्थान किया जायेगा। प्रस्तावित उद्योग के पर्यावरणीय सलाहकार डॉ. जे.के. मोहित्रा ने बताया कि राखड़ बांध हेतु 180 एकड़ जमीन चिन्हित किया है। 01 चिमनी की ऊंचाई 220 मीटर की होगी। जल हेतु अनुमति छ0ग0 शासन से लिया जायेगा। ग्राम बुढ़िया और काटाझरिया के पास केलो नदी में एनीकट बनाया जायेगा। हमारे कोल वॉशरी से उत्पन्न कोल मिडलिंग्स का उपयोग कर हम नेशनल रिसोर्स में मदद कर रहे हैं। यहां के 50 प्रतिशत जमीन पर हरियाली है एवं 10 कि.मी. की परिधि में कोई भी उद्योग नहीं है। यहां की परिवेशीय वायु गुणत्ता बहुत अच्छी है। यहां की भूजल गुणवत्ता बहुत अच्छी है। यहॉ की भूमि कृषि योग्य है। ध्वनि तीव्रता मानक स्तर से काफी कम है। नेशनल पार्क, फॉरेस्ट रिजर्व एवं एलीफेंट कॉरीडोर 10 कि.मी. की परिधि में नहीं है। कभी–कभी हाथी भटक कर इस क्षेत्र में आ जाते हैं। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु 220 मीटर की चिमनी बनाई जायेगी। डस्ट को कम करने के लिए उच्च इफीसिऐंसी का ई.एस.पी. लगायेंगे। उच्च स्तरीय कूलिंग टॉवर एवं कंडीशनिंग सिस्टम लगाया जायेगा। प्लांट से निकलने वाले समस्त जल को सेंट्रल मॉनिटरिंग बेसिन में इकट्ठा

कर इसका अलग–अलग मद में उपयोग करेंगे। समस्त उपचारित जल का पुनर्उपयोग करेंगे एवं शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जायेगी। प्लांट परिसर के बाहर पानी का निस्सारण नहीं किया जायेगा। 33 प्रतिशत भूमि में ग्रीन बेल्ट डेवलप करेंगे। सीवरेज सिस्टम के पानी का उपयोग सिंचाई कार्यों में किया जायेगा। माईंस से मिडलिंग्स आयेगा और उद्योग का राखड़ माईंस में ले जाकर भू–भरण में उपयोग किया जायेगा। राख का उपयोग 4 वर्षों में 100 प्रतिशत राख का उपयोग किया जायेगा। इस परियोजना में मेन पावर 500 लोगों की आवश्यकता होगी। भारत सरकार के अनुसार जोखिम निर्धारण की व्यवस्था की जायेगी। कंस्ट्रक्शन वर्क 40 महिनों तक चलेगा जिसमें 1000 लोगों की आवश्यकता होगी। स्थानीय लोगों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं उन्हें रोजगार का अवसर दिया जायेगा। पर्यावरण मॉनिटरिंग लेब्रोरेटरी बनेगी। जल, वायु एंव मिट्टी का नियमित परीक्षण होता रहेगा।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा उद्योग प्रतिनिधि को जन सुनवाई के दरम्यान उठायी गई आपत्तियों, टीकाटिप्पणी को नोट करने तथा उन्हें कार्यवाही के अंत में बिन्दुवार स्पष्ट जानकारी देने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत उपस्थित जन समुदाय से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणी आमंत्रित की गयी, जिस पर निम्नानुसार 309 व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किये –

सर्वश्री –

1. श्री जितेन्द्र नगण, जनपद पंचायत सदस्य, हमीरपुर– मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं। कलेक्टर साहब के साथ ग्रामसभा में सारी बातें हो चुकी है।
2. श्री विश्वनाथ प्रधान, ग्राम–हमीरपुर– मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं। मेरा यह अनुरोध है कि पर्यावरण सुरक्षित करें।
3. श्री शिवलाल बारीक, हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं।
4. श्री आशीष कुमार मिश्रा, ग्राम–हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं। मैं उद्योग से निवेदन करता हूं कि ग्रामवासियों के लिए जो प्रस्ताव रखा गया है उस प्रस्ताव पर अमल करें।
5. श्री दिनेश प्रधान, ग्राम–हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं। मेरा निवेदन है कि बेरोजगारों की जितनी संख्या है उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान करें।
6. श्री देवव्रत प्रधान, ग्राम–हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं।
7. श्री दुखनाथन भोई, ग्राम–हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं।
8. श्री जयराम बारीक, ग्राम–हमीरपर– मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं।
9. श्री तेजराम गुप्ता, ग्राम–हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं।
10. श्री भवानी शंकर खंडक, हमीरपुर– मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं।
11. श्री लक्ष्मण चौहान, हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं। यहां का वातावरण बदल जाना चाहिए। सबको बदल जाना चाहिए।
12. श्री भूपदेव सिंह राठिया, जोबरो – हम जो मांग किये हैं उसे कंपनी को दे दिये हैं। हमारा समर्थन है।
13. श्री विश्वनाथ राठिया, उप सरपंच, जोबरो – मैं उद्योग का समर्थन करता हूॅं।
14. श्री चंद्रमणी ठेठवार, सेवानिवृत्त शिक्षक, हमीरपुर – जोबरो एवं हमीरपुर पंचायत के लोगों ने संयुक्त रूप से ग्रामसभा करके कुछ बिंदुओं को जिलाप्रमुख के सामने रखा। उस पर काफी चर्चायें हुई । चर्चा के कुछ बिंदु इस प्रकार है – जैसे 4–5 साल हो गए हैं जमीन खरीद फरोख्त हुआ है। हम चाहते हैं कि जिस प्रकार खरीद फरोख्त

हुआ है राशि का आदान प्रदान हुआ है। अभी की स्थिति में हम स्थापित होने देना चाहते है। केंद्र सरकार से हरी झंडी मिल गई है। आज की लोक सुनवाई सफल होगा। जमीन का अधिग्रहण और राशि अदान प्रदान पर विचार करने की बात है। एक मानक राशि जो प्रशासन से निर्धारित है। उस राशि के तहत खरीद फरोख्त होना चाहिए। जो नहीं हुआ है उसकी बचत राशि स्थापित होने के बाद जो विक्रय किया है उन्हें आज के दाम के अंतर की राशि मिलना चाहिए। जनता की कुछ समस्याएं है। उनकी आपेक्षाओं की पूर्ति हम कंपनी से चाहेंगे। विकास के लिए दोनों पचायतें अपना कदम आगे बढ़ा दिया है। हमें यहां पर सकारात्मक सोच रखनी होगी। विकास के लिए चर्चा करनी है विनाश के लिए नहीं। हमारे युवा जाग चुके हैं। आज अपनी पैतृक संपत्ति को कंपनी के मार्फत करता है तो जरूर कोई सोच होगी। हमारे लड़के बच्चों को चाकरी चाहिए। कंपनी से निवेदन करता हूँ कि दोनों पंचायते के युवा वर्ग को रोजगार दिया जाये। कुशल अकुशल कर्मचारी कंपनी को चाहिए। हमारे युवा इस कंपनी से अभी अनभिज्ञ हैं। हमारा यह क्षेत्र पर्यावरण के नाम से अछूता है। यहां के लोग स्वच्छ वातावरण में सांस ले रहे हैं। मेरा कंपनी से गुजारिश है कि जो कंपनी के नाम से अनभिज्ञ है उस युवा वर्ग को प्रशिक्षित करें। ठेकेदार के नीचे नहीं कंपनी में रखें। नहीं तो विवाद होगा झंझट होगा। कंपनी युवाओं को प्रशिक्षत करें अपने लायक बनायें। धर्म में आस्था रखने वाले हर घर में मंदिर, बूढ़ी घर है। आस्था का प्रतीक दोनों ग्राम पंचायत में है उसका जीर्णोद्धार पुर्णोद्धार करें। हम चाहेंगे कंपनी यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर करें। दुर्गामंदिर, जगन्नाथ मंदिर जोबरों में इसका पुनर्निर्माण करें। मौलिक आवश्यताएं चाहिए। पानी चाहिए, सड़क चाहिए। जिलाप्रशासन ने हमसे कहा है आपकी सारी मांगे जायज हैं। यह मैं कंपनी और कंपनी प्रबंधन को दूंगा। हर तरह के लोग आयेंगे, लोगों का वातावरण बदल जायेगा। सब तरह के लोगों के चाल चलन को पुलिस देखे। यह पुलिस को जाता है। नियुक्ति के पूर्व कायदे से पुलिस वेरीफिकेशन हो जो बाहर से आ रहे हैं। यह पुलिस प्रशासन को जायेगा। ऐसा नहीं हुआ तो घटनाएं घटेंगी, जिससे पुलिस ही परेशान रहेगी। सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरीफिकेशन हो। चिकित्सा की व्यवस्था हो। यहां डॉक्टर की व्यवस्था नहीं है। अस्पताल खोला जाये यह कंपनी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है ताकि जनता निरोग रह सके। हम हरी झंडी दे दिये हैं। यहां कोई कोलाहल नहीं है कोई विरोध नहीं है। मैं समर्थन देने आया हूँ।

15. श्रीमती हाराबाई सोनी, हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करती हूँ।
16. श्रीमती रसनी बाई, हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करती हूँ।
17. फुलेश्वरी, हमीरपुर – समर्थन करती हूँ।
18. रेवती, हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करती हूँ।
19. श्रीमती शिवकुमार, हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करती हूँ।
20. घसियानो, हमीरपुर – मैं कंपनी का समर्थन करती हूँ।
21. सुभासिनी, हमीरपुर – मैं उद्योग का समर्थन करती हूँ।
22. ललीता साव, हमीरपुर, दुर्गा समिति अध्यक्ष, – मैं कंपनी का समर्थन करती हूँ।
23. श्री ज्ञानसागर गुप्ता, जांजगीर, ब्लॉक–तमनार – मैं बहुत कुछ कहने इस जगह में आया हूँ। मैं इस कंपनी का तहे दिल से स्वागत करता हूँ। यहां न अस्पताल था, न स्कूल था। हम बहुत कुछ झेले हैं। मैं कंपनी को साथ देने आया हूँ। इस क्षेत्र में

कोई सुविधा नहीं थी। स्कूल, कॉलेज नहीं थे। इस क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ। इस क्षेत्र में कोल हैं और इस क्षेत्र का एक दिन विकास होगा। अच्छे–अच्छे कंपनी आयेंगे। 11 साल से यह क्षेत्र पिछड़ा था। 51 प्रतिशत कार्य अच्छा है तो उसे हम अच्छा बोलेंगे। हम इस कंपनी का पुरजोर समर्थन करते हैं। आने वाली सभी कंपनी का हम समर्थन करते हैं। हम माल गुजार हैं। हमारे यहां जो जो पांच दस हजार रूपये पाते थे आज वो उद्योग से 40 हजार रूपये पाते है। हमें खुशी है। समर्थन करता हूँ।

24. श्री विवेकानंद साहू, पड़ीगांव – हमारा गांव भी जोबरो पंचायत से लगा हुआ है। मैं उद्योग प्रबंधक गण से निवेदन करूंगा कि वो भी हमारे गांव में विकास कार्य करें क्योंकि उद्योग का धुंआ भी हमारे गांव में आयेगा। हमीरपुर, जोबरों के आसपास के सभी ग्रामों का विकास करें। लोगों को नौकरी दें। मैं कंपनी का समर्थन करता हूँ।
25. श्री हेतराम टोप्पो, जनपद पंचायत सदस्य, तमनार – आधा कि.मी. लगा हुआ हमारा यह क्षेत्र है। समाज कल्याण कार्य एवं स्थानीय बेरोजगारों को रोजगारों को 25 प्रतिशत हमारे क्षेत्र में भी विकास करें। हमारा क्षेत्र गरीब क्षेत्र है कृषि क्षेत्र है। कंपनी आने से लोगों को रोजगार मिलेगा। समर्थन है।
26. श्री गणेश प्रधान, हमीरपुर – समर्थन ।
27. श्री अनिल कुमार मिश्रा, हमीरपुर – कंपनी का समर्थन करते हुए कंपनी को एक बात आग्रह रूप से कहूंगा कि यहां जा प्लांट लगाया जा रहा है कंपनी को यह चाहिए कि कंपनी हमारे युवा भाईयों को रोजगार देती है तो पूरा युवा वर्ग इस कंपनी के सदा साथ रहेगी। यहां के युवा वर्ग अकुशल है। उन्हें ट्रेनिंग देकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार दे। हमीरपुर और जोबरो को छोड़कर आसपास के सभी प्रभावित ग्रामों पर ध्यान दें। हम कंपनी के साथ हैं।
28. श्री बलराम गुप्ता, हमीरपुर – मुझे खुशी है कि यहां प्लांट आया है। मैं कंपनी का पूर्ण समर्थन करता हूँ।
29. श्री सत्यजीत कुमार, हमीरपुर – समर्थन।
30. श्री पुरूषोत्तम मेहर, हमीरपुर – समर्थन
31. श्रीमती हीराबाई, हमीरपुर – समर्थन
32. श्रीमती मालती प्रधान, हमीरपुर – समर्थन
33. सौदामी सोनी, हमीरपुर – समर्थन
34. रूर्वशी , हमीरपुर – कंपनी के साथ हूं।
35. पुष्पा गुप्ता, हमीरपुर – समर्थन
36. गीतांजली, हमीरपुर – समर्थन
37. मालती, हमीरपुर – समर्थन
38. सरोजिनी सोनी, हमीरपुर – समर्थन
39. कनक, हमीरपुर – समर्थन
40. कुमोदिनी , हमीरपुर – समर्थन
41. देवकुमारी, हमीरपुर – समर्थन
42. रामबती, हमीरपुर – समर्थन
43. भगवती, हमीरपुर – समर्थन
44. माधुरी गुप्ता , हमीरपुर – समर्थन
45. आनंदी, हमीरपुर – समर्थन

46. गंगई खंडेल, हमीरपुरर – समर्थन
47. भगवती, हमीरपुर – समर्थन
48. मिथिला बारीक, हमीरपुर – समर्थन
49. नवाकांती, हमीरपुर – समर्थन
50. कविता, हमीरपुर – समर्थन
51. पियावती साहू, उपसरपंच, पड़ीगांव – समर्थन
52. श्री चतुर्भुज साव, हमीरपुर – समर्थन
53. जयपाल बारीक, हमीरपुर – समर्थन
54. जादो मेहर, हमीरपुर – मैं कुछ काम चाहता हूॅ। कंपनी मुझे काम दें।
55. दुकालू राम यादव, हमीरपुर – समर्थन
56. रामकुमार निषाद, हमीरपुर – समर्थन
57. अंगद प्रधान, हमीरपुर – इस गांव में जितने भी बेरोजगार लोगों को उनको अनिवार्य रूप से रोजगार कंपनी दिलाने की कोशिश करें।
58. अरखूत साहू, हमीरपुर – समर्थन
59. सीताराम प्रधान, हमीरपुर – समर्थन । कंपनी हमको सहायता करें।
60. श्याम साव, हमीरपुर – समर्थन
61. रघुवंश सिदार, पाली, – समर्थन
62. विक्रम निषाद, हमीरपुर – समर्थन
63. सालोराम मांझी, हमीरपुर – समर्थन
64. परमानंद खंडेंल, हमीरपुर – समर्थन
65. राकेश कुमार बारीकक, हमीरपुर '– समर्थन
66. रोहित कुमार मेहर, हमीरपुर – समर्थन
67. पालूराम प्रधान, हमीरपुर – समर्थन
68. रामलाल पटेल, टपरिया उड़ीसा – हमारा गांव भी प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आ रहा है। हमारे गांव पर भी ध्यान दिया जाये।
69. जगमोहन प्रधान, सुंदरगढ़, उड़ीसा – टपरिया चंद्रपुर गांव लगा हुआ है। जो प्रदूषण होगा वह सारे क्षेत्र में फैलेगा। जमीन वालों को रोगजार दिया जाये। टपरिया चंद्रपुर वालों को गोद लिया जाये। क्षेत्र का विकास किया जाये।
70. कन्हैय पटनायक, गोढ़ी, – समर्थन
71. जयंत बहीदार, संघर्ष मोर्चा रायगढ़ – मैं इस लोक सुनवाई के लिए प्रस्तावित परियोजना का विरोध करता हूॅ। इस परियोजना को रद्द करने की मांग करता हूॅ। प्रस्तावित परियोजना के लिए आहूत रोक लगाने की मांग करने की मांग करता हूॅ। मेरे द्वारा रखे तथ्यों पर ध्यान दिया जाये। मेरी बातों को लिखा जाये। कलेक्टर महोदय ने कंपनी के पक्ष में समर्थन कर लोगों को बहलाया है। कंपनी का प्रचार किया है। कंपनी के दलाल बोल रहे थे कंपनी का समर्थन करो या मैदान खाली करो। जो हल्ला कर रहे हैं उसे हटाइये। हमारे बोलने से पहले शांती थी हमारे बोलने से पुलिस वालों को क्या हो गया। यह लोक सुनवाई रोक देनी चाहिए। यह लोक सुनवाई निष्पक्ष नहीं रह गया। कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए कलेक्टर ने प्रचार किया । इस लिए लोक सुनवाई रोक देनी चाहिए। यह गैर कानूनी है। नोट करें। हम अमित कटारिया से भी निपटेंगे रायगढ़ में। कंपनी ने 29.12 को लोक सुनवाई के लिए आवेदन किया उसके 45 दिन बाद लोक सुनवाई होनी थी। परंतु 5

माह बाद जिला प्रशासन एवं पर्यावरण विभाग ने कार्य प्रांरभ किया। हमाने आवेदन किय ायह लोक सुनवाई गैर कानूनी होगी। केंद्रीय पर्यावरण के प्रावधानों का उल्लंधन होता है। इसलिए लोक सुनवाई रोक देनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा किसी भी हालत में लोक सुनवाई नहीं रूकेगी। कंपनी ने एक छोटा पत्र दे दिया। कंपनी के आदेश को शिरोधार्य माना हे। कंपनी के हित में लोक सुनवाई स्थगित कर दिया। विशेष परिस्थिति में लोक सुनवाई निरस्त की जा सकती है। कंपनी के लिखकर देने से लोक सुनवाई स्थगित करने का कोई तुक नहीं है। कंपनी ने अपने कंपनी के नाम परिवर्तन की जानकारी नहीं दी। कंपनी का यह जो नाम दिया है इसका नाम परिवर्तन होकर जायसवाल निको नाम दिया। 21 अक्टूबर 2010 को कंपनी का नाम कर दिया। यह शासन के नियमानुसार हुआ है। हम मानते हैं। 21.10.2010 के बाद पुराने नाम पर सरकारी विभागों से पत्रव्यवहार किया है। अधिकारियों द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। और इसकी जानकारी पर्यावरण विभाग को छुपाया है। मैं विरोध में बोल रहा हूँ इस लिए मेरे लिए समय की बात कही जा रही है। प्रावधान में समय निर्धारित नहीं है। हमने पर्यावरण विभाग एवं प्रशासन को, रायपुर एवं केंद्रीय मंत्रालय दिल्ली को भी आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया है। 17 जून को लोक सुनवाई के स्थगन को अधिसूचित नहीं किया गया। अखबारों में प्रकाशन किराया जाता है। पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर को भी इसकी सूचना नहीं दी गई। लोक सुनवाई को केंद्र सरकार किसी एंजेंसी को सौंपा जाता । इस प्रकार नियमों का उल्लंघन किया गया। कंपनी का ईआईए रिपोर्ट 28.10.2010 को तैयार किया गया है। इस बात को ध्यान देंगे। कंपनी का नाम पुराने नाम पर रिपोर्ट तैयार किया गाय है। जबकि उससे पूर्व कंपनी का नाम बदल गया था। इसलिए हमारी मांग है यह लोक सुनवाई अवैध है। कंपनी के नाम पर नया आवेदन प्रस्तुत किया जाये। छ.ग. जल संसाधन विभाग ने जायसवाल निको इंडस्ट्रीज निको को केलो नदी से जल आपूर्ति करने की अनुमति दी गई है। इस कंपनी को जल संसाधन विभाग ने अनुमति नहीं दिया है। यह हमारी आपत्ति है। उर्जा विभाग ने भी जो एम.ओ.यू हुआ है वो भी जायसवाल निको के नाम पर हुआ है। जायसवाल उर्जा के नाम से नहीं हुआ है। वेलीडेटी भी समाप्त हो चुका है। हम रायगढ़ जिले के हैं तमनार और हमीरपुर रायगढ़ जिले में आता है। हम परदेशी नहीं है। क्षेत्रीय लागों को बोलने का अधिकार हे। बाहर के लोग बोलने लिखने का अधिकार नहीं रखते । विधायक को इसका कोई अधिकार नहीं है। हम हृदय राम राठिया से चुनाव में निपटेंगे। लोक सुनवाई के पहले गांव में आकर हृदय राम राठिया ने क्षेत्र के लोगों को बहलाया बरगलाया है। धमकी दी है। कंपनी ने 21. 10.2010 के बार शपथ पत्र प्रस्तुत किया है उसमें भी रायगढ़ एनर्जी का नाम उपयोग किया है नया नाम जायसवाल निको उर्जा लिमिटेड से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया है। कंपनी ने नाम परिवर्तन को छुपाया है। इसलिए लोक सुनवाई स्थगित किया जाये।

72. उर्मिला, हमीरपुर – समर्थन।
73. गायत्री खंडेल, पाली – आपकी बातें से मै सहमत है। मैं सहमत हूँ।
74. आसमती, पाली – –
75. गनेशी, पाली – मेरे गांव को जाकर देखिये । हमारे गांव कुछ अच्छा नहीं है।
76. कुनकुला, पाली – हमारे गांव को मजबूत बनाना।
77. सत्यवती, हमीरपुर – समर्थन।

78. उर्मिला, हमीरपुर – समर्थन।
79. दशमती, हमीरपुर – समर्थन।
80. पदमावती, जोबरो, – समर्थन। महिला बैठक नहीं है। चाहिए।
81. उजागर मती राठिया, जोबरो – हमारे गांव में फैक्ट्री खुल जाये।
82. अंजोर मती, हमीरपुर – समर्थन।
83. वृंदा, जोबरो – समर्थन। सभी लोगों का सहयोग करें। सुविधा दें, तालाब नहीं है। हमारे बाल बच्चों को नौकरी दें।
84. राधेश्याम शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता, रायगढ़ – आज जो जन सुनवाई हो रही है वह पूर्णतः असंवैधानिक है। 19 तारीख को मेरा आवेदन प्रस्तुत किया गया था। 5 वी अनुसूची में तमनार ब्लाक दर्ज है। किसी भी प्रकार का औद्योगिक निर्माण करने का अधिकार नहीं हे। पूरे राज्य एवं जिले में प्रशासिक अधिकारी द्वारा संविधान का पूरा उल्लंघन किया जा रहा हैं जो पूरे देश के लिए नुकसान देय है। क्या जिला प्रशासन के पर्यावरण विभाग के जो अधिकारी हैं जो वर्तमान में रायगढ़ व तमनार जिले के पर्यावरण प्रदूषण का बता सकते हैं। यह हमारे पर्यावरण अधिकारी भी नहीं जानते। यहां जल एवं वायु में कितना प्रदूषण है वो भी नहीं जानते। जब तक आम नागरिकों को उस क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति मालूम नहीं होगी जब तक जनसुनवाई सफल नहीं हो सकती। जिला प्रशासन का नैतिक दायित्व रहता है कि ग्रामीण लोगों को इस बारे में पूरी जानकारी दी जाये। जन सुनवाई की अधिसूचना में टाईम का बाउंडेशन नहीं है। अतः आपत्ति और समर्थन करने वालों को रोकने का कार्य नहीं करें। मैं निवेदन करता हूॅं। कंपनी को कितनी जमीन उद्योग स्थापना के लिए चाहिए? ईआई ए में भूमि संबंधी जानकारी नहीं दर्ज कराई गई है। राज्य एवं केंद्र शासन को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। अधिसूचित क्षेत्रों में सरकार भूमि अधिग्रहण नहीं कर सकती । यदि भूमि अधिग्रहण किया गया है तो वह भूमि किसानों को पुनः वापिस करनी चाहिए। यह उच्चतम न्यायालय का आदेश है। कितनी जमीन क्रय की गई है और कितनी जमीन भूअर्जन करके किया जाना है? उद्योग प्रबंधन ने बताया कि 480 एकड़ भूमि की आवश्यता होगी। अभी तक 110 एकड़ जमीन क्रय की गई है। जिला प्रशासन के पास अर्जी नहीं की गई है। उद्योग प्रतिनिधि ने बताया कि उन्हें 250 एकड़ जमीन भू–अर्जन अनुमानित आवश्यकता होगी। हमे अनुमान अनुसार 250 एकड़ जमीन भूमि अधिग्रहण के अनुसार की जानी है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले मे जो निर्णय दिया गया है। 5वी अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में भूअर्जन करने का अधिकार नहीं हैं। इस परिस्थितियों को जानते हुए भी जिलादंडाधिकारी ने भी लोक सुनवाई का निरस्त नहीं किया गया। क्या आपको राष्ट्रपति का अधिकार है। क्या आप भी संविधान का उल्लंघन करेंगे। मैं किसी भी अधिकारी को संविधान का उल्लंघन करने नहीं दूंगा। क्या केंद्र सरकार या राज्य सरकार ने इस देश के संविधान का उल्लंघन करने की अनुमति दी है? नया संविधान बनाईये और लगाइए उद्योग।
85. विष्णु स्वरूप गुप्ता, बिजना, – यहां से बिजना की दूरी 5 कि.मी है। मैं यह जानना चाहूंगा कि मेरे यहां हमीरपुर में कितने लोग यहां उपस्थित हुए हैं उनके लिए मैं प्रश्न करना चाहता हूॅं। 100 मेगावाट विद्युत व्यवस्था के लिए कम से कम 150 एकड़ जमीन और अधिक से अधिक 250 एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है। यदि 600 मेगावाट खोलने का यहां प्रस्ताव है। इनको क्या आश्वासन दिया है 300 एकड़

जमीन अभी तक लिए है। कंपनी जमीन अधिग्रहण के लिए 1500 एकड़ जमीन कहां से लेंगे? 1500 एकड़ जमीन कहां से लेंगे आज यह क्लीयर कर लेवे। इन्होंने दर्शाया है 300 एकड़ जमीन जो लिया गया है उसमें 120 एकड़ में पानी का टैंक बनेगा तो किस तरीक से फैक्ट्री बन सकता हैं? हमारे स्थानीय ग्रामीणों को यह बताये। कल जब 1200 एकड़ जमीन जायेगा तो रोने के लिए किस लीडर के पास जायेंगे। आज जो फैक्ट्री लगेगा तो उसका विकास किस ओर जायेगा? जमीन अधिग्रहण की स्थिति स्पष्ट करें। कंपनी अपनी विकास निधि को कहां कहां व्यय करेंगे यह कंपनी की मजबूरी है। विकास निधि को ईमानदारी से खर्च करें। जहां समर्थन और विरोध की बात हुई वहां जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। और पर्यावरण अधिकारी तक पहुंचाई गई। उसमें विष्णु देव गुप्ता भी लिखा गया है। कौन वह व्यक्ति है जो मेरा हस्ताक्षर कर भेजा है। मेरा अनुरोध है कि ऐसे हस्ताक्षर युक्त कागज का दुरूपयोग नहीं करें। आप समर्थन करे तो अच्छा नहीं करें तो अच्छा। मेरे क्षेत्र के सारे जनता आप अपने हस्ताक्षर का दुरूपयोग करने न दें। यदि ऐसा होता है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। हमारे आसपास के किसी भी व्यक्ति का कोई अपमान नहीं होना चाहिए। कंपनी छोटे कर्मचारी को धिक्कारते हैं। अपमान का भरपूर विरोध किया जाये। अधिकारी एक निश्चित सीमा से बंधे होते हैं। चाहे काई भी हो। अपनी सीमा के भीतर उनको कार्य करने की अपेक्षा हम उन पर कोई दोष नहीं देना चाहते। किसी भी अनपढ़ व्यक्ति के मानव अधिकार, उनकी ईमानदारी पर कोई आक्षेप न उठाये। मैं इन सब बातों कहते हुए आरोप दर्ज कराता हूँ। हमारे किसी भी व्यक्ति का कोई अपमान करेगा उसका मैं भरपूर विरोध करता हूँ। रमन सरकार द्वारा जो निर्धारित किया गया है वह जमीन की राशि दी जाये। भू अधिग्रहण जो नियम पेश किया गया है उसमें सारी नियम कानून बनाये गये हैं उसे हमीरपुर में भी लागू किया जाये। भाईयों उस जमीन का मुआवजा 33 साल तक मिलता रहेगा। संसद में जो पास हुआ है उसके मुताबिक पास करने की मांग करो। हमीरपुर में पर्यावरण की क्या स्थिति हैं यह जनता के सामने क्यों नहीं रखा गया है? फैक्ट्री डेवलप करने के पहले हमारे बातों को ध्यान दें। हमारी सारी बातों को जनता के सामने आज ही रखें।

86. रजनी राठिया, जोबरो – पूरा समर्थन। हमारी जो भी मांग है उसे पूरा करें। बच्चों के लिए इंग्लिश मीडियम स्कूल, तालाब, रोड सभी को पूरा करें। आने जाने का साधन नहीं है उस पर भी ध्यान दें।

87. सविता रथ, जन चेतना मंच, रायगढ़ – यह क्षेत्र संपूर्ण रूप से उड़ीसा बॉर्डर है। ईआईए रिपोर्ट में उड़ीसा क्षेत्र की भी अनुमति नही है। उड़ीसा बार्डर के लोगों को भी बुलाना था। उड़ीया भाषा में भी बात होनी थी। तकनीकी बिंदु की जानकारी होनी थी। आपकी अंग्रेजी की रिपोर्ट आप तक ही सीमित है। स्थानीय भाषा, सरलहिंदी भाषा में होनी चाहिए। हाथी रहवास क्षेत्र के नाम से वन विभाग ने बोर्ड रखा गया है। क्या वन विभाग से क्लीयरेंस मिला है? तो वह कागज देवें। 110 एकउ़ जमीन ले चुके हैं किस दर से लिया गया है। क्या उसका व्यपवर्तन हुआ है? इसकी जानकारी देवें। 10 वर्ष के पहले जमीन का व्यपवर्तन नहीं हो सकता। आप कैसे उद्योग लगायेंगे। इस सड़क में 80 टन का माल कैसे जायेगा ? इआईए रिपोर्ट में उषा कोठी महत्वपूर्ण एतिहासिक स्थल को छुपाया गया है। ऐतिहासिक स्थल के आसपास कंपनी नहीं लगनी चाहिए। लोगों तक गलत सूचना पहुंचा है। ईआईए रिपोर्ट में

रायगढ़ जिले में सड़क दुर्घटना का एक भी बिंदु नहीं दी गई है। यह एक गंभीर माला है। 80 एकड़ जमीन में 1523 पेड़ बताया गया है। यह आंकड़ा कैसा बताया गया है। यह जगह भी रिजर्व फॉरेस्ट है। इसकी जांच करवाई जाये। आपने कहीं भी युवा लड़के लड़कियों के रोजगार के लिए क्या करेंगे स्पष्ट नहीं है। आज तक किसी भी कंपनी ने रोजगार से युवा लड़के लड़कियों को रोजगार हेतु पंजीयन नहीं किया गया है। अनुसूची 5 के अंतर्गत यह क्षेत्र है। ग्राम सभा की अनुमति इस कंपनी नहीं लिया गया है।

88. संकेतन सिदार, गोढ़ी – तमनार को उर्जा की नगरी बनाने वाले हैं कंपनी वाले। 40 साल से बैठे हैं हम जमीन को पकड़कर। फैक्ट्री आने से क्षेत्र का विकास होगा। हम निको जायसवाल का सत्कार करते हैं स्वागत करते हैं। विकास होने दो। उनके नाक के सामने फैक्ट्री बैठा है और लोग हमीरपुर आकर विरोध कर रहे हैं। रायगढ़ में कितना फैक्ट्री बैठा है। विरोध करना है तो तरीके से करो। ये मुल्ला लोग कहां गए थे जब हम विरोध करते थे। ये संविधान की बात करते हैं इन्हें संविधान क्या मालूम। आदिवासी के साथ लोग बदमाशी कर रहे हैं। हमारे क्षेत्र के बेरोजगार लोगों को सर्वे कर नौकरी के लायक लोगों को नौकरी प्रदान करें। शासन ध्यान नहीं दिया तो कम से कम फैक्ट्री तो ध्यान देवें। आप जनहित में आकर उन्हें नौकरी देवें। जनता आपके साथ हैं। निको जायसवाल जिंदाबाद।

89. दिनेश कुमार श्रीवास– गोढ़ी – समर्थन।

90. लक्ष्मी राठिया, गाढ़ी – समर्थन।

91. गौतम प्रसाद गुप्ता, गोढ़ी – समर्थन।

92. तुलसी निषाद, डोलेसरा – मैं अपनी सहमति है। उनका मैं वेलकम करता हूँ। शासन के द्वारा जो रूल्स हैं वो सभी रूल्स का अनुसरण करें। जो प्रबंधन से, प्रशासन से निवेदन है कि हमेशा काम करें जो नियमों के अंतर्गत है। पर्यावरण प्रदूषण दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वृक्षारोपण करें। पावर प्लांट हाई क्वालिटी का हो । लोगों के हित में काम करें। जमीन का उचित मुआवजा मिले। इस क्षेत्र में जितने भी गरीब और भूमिहीन को योग्यतानुसार रोजगार मिले। कई लोग शिक्षित हैं उनके पास रोजगार नहीं है। बेरोजगारों को रोजगार दिया जाये। जहां सरकार काम नहीं करा पाती है कंपनी उसे टेकल करें। पब्लिक हेयरिंग को मैं सपोर्ट करता हूँ। कंपनी अच्छा से अच्छा काम करें। प्रभावित लोगों के साथ उचित कार्य करें।

93. अजय पटनायक, डोलेसरा – मैं इस ग्रामीण क्षेत्र का युवक हूँ। पिछले 10 साल से जो यहां परिवर्तन होते जा रही है। वह हमारे सामने है। जो लकड़ी को काटकर या महुवा का शराब बनाकर जिया करते थे । लोगों के पास कृषि के अलावा कोई काम नहीं रहता था। इसके अतिरिक्त जिनके पास काम नहीं रहता था वह अपराधिक प्रवृत्ति के हो जाते थे। औद्योगिककरण का नाम लेते ही हमारे सामने विकास की स्थिति दिखाई देती है। बढ़ती हुई जनसंख्या और वर्तमान जो जमीन है वह किसी भी तरह हमारे लिए उपयोगी नहीं हो सकती कि हम कृषि के माध्यम से अपना जीवन जी सके। उद्योग के आने के बाद जितनी समानता आई है वह लोग जानते हैं। उद्योग आने के बाद हर किसी के पास पैसा आ गया है। चाहे वह व्यवसाय कर रहा हो या ठेकेदारी कर रहा है। हर किसी के पास पैसा है। आज कोई किसी के दबाव में नहीं है। इसका मेन कारण सिर्फ उद्योग है। जहां कंपनी बस चुकी है वहां की जनता बहुत खुश है सम्पन्न है। हम सभी को इस कंपनी का समर्थन करना चाहिए।

आज मूलभूत सुविधाओं का हमे फायदा मिल रहा है। इस क्षेत्र में बिल्कुल उद्योग खुलना चाहिए। सभी को वो सुविधा मिलनी चाहिए जो अन्य जगह मिल रही है। कंपनी आने से अच्छे–अच्छे स्कूल खुल रहे हैं। जिससे कई आप्शन खुल रहे है। उद्योग लगने से इस क्षेत्र के लोगों को भी फायदा मिलेगा। यहां जों कंपनी स्थापित की जा रही है। कंपनी से मेरा अनुरोध है कि हाई तकनीक की कंपनी लगाया जाये। अधिकारी गलत नीति के आधार पर विरोध का कारण बना देते है। कंपनी गांव के आशा के अनुरूप कार्य करें।

94. कैलाश कुमार गुप्ता, तमनार – मैं कहना चाहूंगा कि मुख्य तथ्य यह है कि क्या यहां पावर प्लांट स्थापित होने से पर्यावरण के संबंध में क्या क्या विनाश हो सकते हैं क्या क्या परेशानिया हो सकती है उन पर क्या क्या कदम उठाया जाये कि वह सब निपटा सके। कलेक्टर महोदय एवं विधायक महोदय लोगों की समस्याओं को सुनकर त्रिपक्षीय वार्ता कर लोगों के सामने लिखित एग्रीमेंट कराया। उनका मैं तहेदिल से स्वागत करता हूं। ग्राम सभा का खुला आयोजन कराया गया विधायक महोदय का भी मैं धन्यवाद देता हूं। कोई भी गांव में ग्रामीण क्षेत्र में कुछ भी कार्य का कियान्वयन किया जाता है तो ग्राम सभा का अभिमत सर्वोपरि होना चाहिए। कानून हमारे ग्रामीण लोगों की संस्कृति , अभिमत, रीति रिवाज से कानून बनता है। महत्व इस बात का है जिस क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है उस क्षेत्र. की 80 प्रतिशत जनता समर्थन कर रहे हैं या नहीं कर रहें। कंपनी के खुलने से रोजी रोजगार की सुविधा बढ़ेगी। विकास के साथ विनाश भी देखना पड़ता है। पर्यावरणीय प्रदूषण को रोकने के लिए ईएसपी संयंत्र को लगातार चालू रखना चाहिए। हरित पट्टी का विकास करना चाहिए। वाहनों चलने में सीसा रहित पेट्रोल तथा डीजल का उपयोग करना चाहिए। इस क्षेत्र में बहुत सारे उद्योग और माईंस स्थापित हो चुके है। इस कंपनी द्वारा जरूर हरित पट्टी का क्षेत्र निश्चित किया गया होगा। कंपनी आये स्वागत है। कंपनी आने से सोर्स ऑफ इंकम बढ़ेगा। हमारे इस क्षेत्र के साथ अन्याय नहीं करें, शोषण नहीं करे। स्थानीय लोगों के साथ कंपनी गलत कार्य करता है तो मैं उसका पूरजोर विरोध करूंगा। सीएसआर की राशि का उपयोग पूंजीपतरा मुख्य मार्ग में स्ट्रीट लाईट लगाने में करें। हम अपने दायित्वों का निवर्हन भली भांति करें।

95. मिलाप सिंह सिदार, गोढ़ी – समर्थन।

96. लखन पटनायक, डोलेसरा – समर्थन।

97. नरेन्द्र पटनायक, डोलेसरा – समर्थन। तमनार ब्लॉक और सभी ग्रामों के बेरोजगारों को रोजगार मिले।

98. संजय भगत, डोलेसरा – समर्थन।

99. सुमति बेहरा, जोबरो वार्ड कमांक–8 का मेंबर – समर्थन।

100. मुरलीधर प्रधान, हमीरपुर – हमारे गांव में आकर हमारे दर्द को सुनिये। विधायक, एसडीएम कलेक्टर महोदय आये और हमारे गांव के दुख दर्द को सुने। कलेक्टर महोदय ने कहा हम आपके लिए योग्यता बनाकर कंपनी में रोजगार दिलायेंगे। हम आईटीआई में यहां के युवाओं को भेजेंगे और कंपनी में काम दिलायेंगे। हमारी जमीन हमारी मां है। उससे हमारा जीवन निर्वाह होता है। जिनकी जमीन जाने वाली है वह शासन के निर्धारित दर में मुआवजा दिलायेगें। यहा शांतिपूर्ण वातावरण है। कंपनी में जो लोग आये अपराध मुक्त लोग आये। विकास के लिए कंपनी का समर्थन करता हूं।

101. रघुवीर प्रधान, एकता परिषद, रायगढ़ – लोगों को स्पष्टीकरण देना चाहिए यह शिविर जनसमस्या निवारण शिविर है कि पर्यावरण निवारण शिविर है। यहां सोशल इम्पेक्ट असेसमेंट होना चाहिए। यहा टिकाउ विकास कैसे हो इसके लिए क्या करना चाहिए। यह जरूरी है। इस क्षेत्र में लैंड यूज पैटर्न बताया या है यह 10 प्रतिशत है। 2.94 मिलियन टन कोयले का कितना राख निकलेगा बॉटम एश का स्टोरेज कहां करेगें इसका स्पष्ट नहीं है। यहा 225 घनमीटर पानी लिया जायेगा केलो नदी की दूर नहीं बताई गई है। भूगर्भ जल की स्थिति नहीं बताई गई है इससे प्लांट भी जायेगी यहां की स्थिति भी जायेगी।

